जनपद बाराबंकी
दिनांक-24.05.2026

थाना असन्द्रा व साइबर थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से एक अदद लैपटाप, एक अदद आइरिश मशीन, एक अदद बायोमैट्रिक मशीन, एक अदद ब्राडबैण्ड, एक अदद मोबाइल, एक अदद आधार नामांकन संशोधन रजिस्टर बरामद-

वादी हिमांशू चौरसिया पुत्र अशोक कुमार चौरसिया निवासी ग्राम मिर्चिया थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी द्वारा शिकायत दर्ज करायी गयी कि बिना उनकी अनुमति आधार कार्ड पर अवैध रूप से बिना बायोमेट्रिक सत्यापन व एवं बिना किसी आधार सेवा केन्द्र पर उपस्थित हुए किसी के द्वारा उनका मोबाइल नम्बर परिवर्तित कर दिया गया तथा फर्जी बैंक खाता खोलकर लोन ले लिया गया। उक्त सूचना के आधार पर थाना असन्द्रा पर मु0अ0सं0-145/2026 धारा 319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस व धारा 66डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा उक्त घटना में संलिप्त साइबर अपराधी की गिरफ्तारी हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में थाना असन्द्रा व साइबर थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 23.05.2026 को प्रकाश में आये अभियुक्त सोमेश कुमार यदुवंशी पुत्र सत्यपाल उर्फ निरंजन सिंह निवासी ग्राम जगतपुर काशीराम थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली को मोहल्ला अंसारी कस्बा फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद लैपटाप, एक अदद आइरिश मशीन, एक अदद बायोमैट्रिक मशीन, एक अदद ब्राडबैण्ड, एक अदद मोबाइल, एक अदद आधार नामांकन संशोधन रजिस्टर बरामद किया गया।

पूछताछ एवं जांच में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त सोमेश कुमार यदुवंशी, वर्ष 2014 से बरेली में जनसेवा केन्द्र चलाता है तथा जनपद बरेली की बैंक ऑफ बड़ोदा, फतेहगंज पश्चिमा शाखा में आधार कार्ड बनाने का कार्य करने वाले अपने परिचित अमित पुत्र चरन सिंह निवासी बसुधरन जागीर थाना देवरनिया जनपद बरेली के साथ मिलकर वादी के आधार कार्ड में एक अन्य नम्बर रजिस्टर कर दिया गया था तथा कूटरचित दस्तावेज के आधार पर अनुचित लाभ हेतु बैंक लोन ले लिया गया था। अभियुक्त अमित उपरोक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-
सोमेश कुमार यदुवंशी पुत्र सत्यपाल उर्फ निरंजन सिंह निवासी ग्राम जगतपुर काशीराम थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली

बरामदगी
1. **एक अदद लैपटाप,**
2. **एक अदद आइरिश मशीन,**
3. **एक अदद बायोमैट्रिक मशीन,**
4. **एक अदद ब्राडबैण्ड,**
5. **एक अदद मोबाइल,**
6. **एक अदद आधार नामांकन संशोधन रजिस्टर**

पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री आलोक मणि त्रिपाठी थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी
2. अतिरिक्त निरीक्षक श्री सुब्बा चौहान थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी
3. उ0नि0 श्री ओमित कौशल थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी
4. का0 विनय कुमार थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी
5. का0 पंकज सिंह साइबर थाना जनपद बाराबंकी
6. का0 कपिल कुमार साइबर थाना जनपद बाराबंकी